प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

चुनाव प्रचार

प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा उप–चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार चरम की और बढ़ रहा है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। प्रधानमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी कल प्रदेश के एक दिवसीय चुनावी दौरे पर आ रहे है। इस दौरान वह नाहन और मंडी में भाजपा की विजय संकल्प रैलियों को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री पहले सुबह 9 बजे सिरमौर ज़िला मुख्यालय नाहन के चौगान मैदान में शिमला संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी सुरेश कश्यप और इसके बाद 11 बजे मंडी के पड्डल मैदान में पार्टी उम्मीद्वार कंगना रनौत के पक्ष में चुनाव रैली को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैलियों को लेकर भाजपा ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। दोनों ही रैलियों को सफल बनाने और अधिक से अधिक भीड़ जुटाने के लिए पार्टी ने अपने तमाम पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व गृह मंत्री अमित शाह भी 25 मई को प्रदेश के एक दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। अमित शाह हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत मेला ग्राउंड अम्ब और धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में दो चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएं आज पहले से अधिक प्रासंगिक है क्योंकि हम आधुनिक दुनिया की जटिलताओं से जूझ रहे हैं जो अक्सर संघर्ष, गलतफहमी और भौतिकवाद से भरा है। राज्यपाल आज शिमला के पंथाघाटी स्थित दोर्जे डक बौद्ध बिहार में बुद्ध जयंती के मौके पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे। इस समारोह का आयोजन किन्नौर, लाहौल स्पीति बौद्ध सेवा संघ, शिमला और भारत–तिब्बत मैत्री संघ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। राज्यपाल ने कहा कि भगवान बुद्ध की करूणा, शांति और आत्मज्ञान की शिक्षाएं सदियों, संस्कृतियों और सीमाओं को पार कर लाखों लोगों को आंतरिक शांति और सार्वभौमिक भाईचारे का मार्ग प्रशस्त करती हैं। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएं हमें मौजूद परिपेक्ष में सहिष्णुता, सहानुभूति और पारस्परिक सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करती है। राज्यपाल ने इस मौके पर सहायक प्रोफैसर डॉक्टर श्रवण कुमार और तिब्बत समुदाय के भिक्षु शेडूप वांग्यल को भारत तिब्बत मैत्री सम्मान 2024 से सम्मानित किया।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने दावा किया है कि 4 जून के बाद देश में इंडी गठबंधन का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि हिमाचल में इंडी गठबंधन का कोई प्रभाव नहीं है। भाजपा अध्यक्ष ने नाहन में कल होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी रैली के प्रबंधों का जायजा लेने के मौके पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस देश में इंडी गठबंधन का नेतृत्व ज़रूर कर रही है लेकिन किसी भी दल ने कांग्रेस को अपना नेता नहीं माना है। बिंदल ने प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार और पैसे की बर्बादी के आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता इस सरकार से परेशान है और इससे जल्द छुटकारा चाहती है।

मौसम

प्रदेश में प्रचंड गर्मी का दौर जारी है। राज्य के मैदानी इलाकों में बीते रोज अलग–अलग स्थानों में हुई हल्की वर्षा के बावजूद लोगों को जोरदार गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों से तापमान में हो रही तेज़ वृद्धि के चलते राजधानी शिमला सहित राज्य के कई हिस्सों में पेयजल संकट पैदा हो गया है। पेयजल स्रोतों पर पानी की मात्रा में तेज़ी से हो रही कमी के देखते हुए शिमला जल प्रबंधन निगम ने सप्ताह में सिर्फ 5 दिन ही शहर में पेयजल आपूर्ति का निर्णय लिया है। इस बीच आज राजधानी शिमला सहित आसपास के इलाकों में दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ वर्षा हुई और ओले भी पड़े। इससे लोगों को चिलचिलाती गर्मी से हल्की राहत मिली है। मौसम विभाग ने आज राज्य में अलग–अलग स्थानों पर वर्षा होने और कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने का येलो अलर्ट जारी किया है।

....